# अधूरी सर्विस रोड ने ली बाइक सवार की जान

## बीती रात बुधनी में नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**बुधनी.** गुरुवार को भी आक्रोशित ग्रामीणों की भारी भीड़ अस्पताल में मौजूद थी. जिसे देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था.

- नेशनल हाईवे पर आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम
- परिजनों ने मुआवजा मिलने से पहले शव लेने से किया इंकार

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 6 अगस्त. नेशनल हाईवे-46 पर निर्माणाधीन सर्विस रोड की अव्यवस्थाओं के बीच बीती देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और सर्विस रोड का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर हाईवे पर प्रदर्शन कर यातायात बाधित कर दिया. घंटों तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं. प्रशासन के अधिकारियों से आश्वासन के बाद मामला शांत हो सका.**

जिले के बुधनी स्थित गड़रिया नाले के समीप भारत पेट्रोल पंप के सामने बुधवार देर रात ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीडी 5158 ने बाइक क्रमांक एमपी 05 जेडजे 7102 को जोरदार टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि बगवाड़ा निवासी 45 वर्षीय कमलेश यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया.

गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों ने उचित मुआवजा मिलने तक शव लेने से इनकार कर दिया. सूचना मिलते ही यादव समाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील पहुंच गए. इसके बाद विश्राम गृह में एसडीएम संजीव कुमार नागू, एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार राकेश खजूरिया, नेशनल हाईवे प्राधिकरण और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई.

बैठक में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत सोनू, राकेश यादव, लेखराम यादव, राजेश यादव, मुन्ना यादव, भानुप्रताप यादव और दीपक यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे. प्रशासन और संबंधित अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने तथा सर्विस रोड पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन और ग्रामीण सहमत हो गए. इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव गांव ले जाया गया.

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सर्विस रोड का निर्माण शीघ्र पूरा नहीं किया गया और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा हो सकते हैं. उन्होंने निर्माण एजेंसी और प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है.

### ग्रामीणों ने चक्काजाम कर लगाए गंभीर आरोप

घटना से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए और नेशनल हाईवे-46 पर प्रदर्शन शुरू कर दिया. प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने के साथ निर्माणाधीन सर्विस रोड का कार्य तत्काल पूरा कराने की मांग की. उनका आरोप था कि अधूरी सर्विस रोड, पर्याप्त चेतावनी संकेतकों, बैरिकेडिंग और सुरक्षित डायवर्जन की कमी के कारण इस क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं. प्रदर्शन के चलते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई घंटों तक यातायात प्रभावित रहा.स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार राकेश खजूरिया मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने देर रात तक ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी, जिसके बाद वे माने और यातायात बहाल कराया जा सका.

## 314 वाहनों पर 1.57 लाख रुपए जुर्माना



**सीहोर.** पुलिस ने विशेष वाहन चैकिंग अभियान के तहत जिलेभर में सघन कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 314 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की. इस दौरान 1 लाख 57 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया. अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है. जानकारी के अनुसार एक अगस्त से संचालित 10 दिवसीय विशेष वाहन चैकिंग अभियान के तहतसभी थाना क्षेत्रों में वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने सैकड़ाखेड़ी जोड़ पहुंचकर वाहन चैकिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा तैनात पुलिस बल को दिशा-निर्देश दिए. जांच अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 314 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई और उनसे कुल 1 लाख 57 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया.

## महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा आज से

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 6 अगस्त.** अच्छी बारिश और जनकल्याण की मंगल कामना और खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प समिति और करणी सेना परिवार के तत्वाधान में पदयात्रा शुक्रवार को सुबह नौ बजे गणेश मंदिर से महाकाल उज्जैन रवाना होगी.

समाजसेवी आशीष गहलोत ने बताया कि यह यात्रा सीवन नदी, पार्वती के जल के अलावा मार्ग में आने वाले जलाशयों व नदियों के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी. यात्रा भगवान गणेश मंदिर, जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ कोठरी, आष्टा, जावर, देवास से होते हुए उज्जैन पहुंच जाएगी. महाकाल मंदिर में ध्वजारोहण, सहस्त्रधारा महारूद्राभिषेक, महाआरती के साथ प्रसादी का वितरण होगा. पदयात्रा का आयोजन युवा समाजसेवी आशीष गेहलोत, करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य के द्वारा की जाएगी. सात दिवसीय पदयात्रा का उद्देश्य जनकल्याण की भावना, क्षेत्र में समृद्धि,और अच्छी बारिश को लेकर है.

## छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक निलंबित

- ग्राम सोंठी के स्कूल में पदस्थ शिक्षक करता था छेड़छाड़
- पूर्व में भी शिक्षक पर लग चुके हैं छेड़छाड़ करने के आरोप

**नवभारत न्यूज**

**श्यामपुर 6 अगस्त.** जिले के श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम सोठी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक राकेश कुमार मालवीय पर स्कूल की छात्राओं ने छेड़छाड़ के संगीन आरोप लगाए. इससे पूर्व में भी उक्त शिक्षक पर अतिथि शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ छेड़छाड़ के आरोप लग चुके हैं. गंभीर आरोपों के बाद जिला शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए प्राथमिक शिक्षक राकेश कुमार मालवीय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.

गौरतलब है कि शासकीय माध्यमिक शाला सोंठी में अध्ययनरत कक्षा 7वीं और 8वीं की छात्राओं द्वारा प्राथमिक शिक्षक राकेश कुमार मालवीय पर उनके साथ छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए थे. जिला शिक्षा अधिकारी ने छेड़छाड़ और अनुचित व्यवहार की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिक शिक्षक राकेश कुमार मालवीय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. खास बात यह है कि संबंधित शिक्षक के खिलाफ पूर्व में भी महिला कर्मियों के साथ अनुचित व्यवहार की शिकायतें दर्ज हो चुकी थीं. जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जांच के दौरान छात्राओं ने शिक्षक के व्यवहार पर आपत्ति जताई थी.शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया. इसके बाद शिक्षक के आचरण को अनुशासनहीनता मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई.

शिक्षक राकेश कुमार मालवीय के विरुद्ध पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एक अतिथि शिक्षक के साथ भी अनुचित व्यवहार की शिकायतें सामने आ चुकी थीं. इन शिकायतों के मद्देनजर शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीर मानते हुए निलंबन का आदेश जारी किया. निलंबन अवधि के दौरान शिक्षक का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय इछावर किया गया है. इस अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी.

## पेयजल व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने व्यक्त की नाराजगी
- समय पर कार्य नहीं करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 6 अगस्त.** कलेक्टर बालागुरू के ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में पीएचई विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी नागरिक को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े तथा पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए.

उन्होंने कार्यों में अनावश्यक देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पीएचई विभाग के अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने सहित अन्य आवश्यक कार्यों को बिना उचित कारण लंबित रखना ठीक नहीं है. उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें ऐसे ही न छोड़ा जाए, बल्कि तत्काल मरम्मत कराई जाए. सड़कें खराब होने से आमजन को परेशानी होती है और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ती है. ऐसी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

बैठक में जिले के 1024 ग्रामों के लिए संचालित नल-जल योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर निर्देश दिए कि इन योजनाओं का कार्य समयसीमा में पूर्ण कर ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाए.

## इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता कल से

**सीहोर.** जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में 8 अगस्त से जिला स्तरीय इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. प्रतियोगिता के लिए एक दर्जन टीम को शामिल किया गया है. एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया और खेल अधिकारी अताउल्ला खान ने एक समिति का गठन किया है. प्रतियोगिता दोपहर तीन बजे से शुरू होगी.

## बांग्लादेशी नागरिक को सात साल की कैद



**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 6 अगस्त.** बिना वैध वीजा और पासपोर्ट के वर्षों से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है. आरोपी के पास से बांग्लादेश के दस्तावेजों के अलावा जिले से बने आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य भारतीय पहचान पत्र भी मिले थे.

अभियोजन के अनुसार 27 अप्रैल 25 को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि इंदिरा नगर टप्पर में एक बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद इरशाद अवैध रूप से रह रहा है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 44 वर्षीय आरोपी से पूछताछ की. आरोपी ने स्वीकार किया कि वह करीब 15 वर्ष की आयु में बांग्लादेश से भारत आया था. पहले अजमेर में कई वर्षों तक रहा और बाद में सीहोर में आकर बस गया. उसने भारत में प्रवेश के लिए कोई वैध वीजा या पासपोर्ट नहीं होने तथा भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन नहीं करने की बात भी स्वीकार की. जांच के दौरान आरोपी द्वारा प्रस्तुत बांग्लादेशी जन्म प्रमाणपत्र और उसके माता-पिता के पहचान दस्तावेजों का बांग्ला भाषा विशेषज्ञ से अनुवाद कराया गया, जिसमें उनके बांग्लादेश के होने की पुष्टि हुई. पुलिस ने आरोपी के मोबाइल फोन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य भारतीय दस्तावेज भी जब्त किए तथा साइबर फोरेंसिक जांच कराइ. विवेचना पूरी होने के बाद न्यायालय में चालान पेश किया गया.सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों को न्यायालय ने स्वीकार करते हुए आरोपी को दोषी करार दिया. शासन की ओर से प्रकरण की पैरवी अपर लोक अभियोजक सुश्री रेखा चौरसिया द्वारा की गई.

## सीवन तट से हजारों कांवड़िए पहुंच रहे कुबेरेश्वर धाम

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 6 अगस्त.** गुरुवार को भी बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री शहर के सीवन नदी तट पर पहुंचे और पवित्र जल लेकर भगवान शिव के जयकारों के साथ कुबेरेश्वरधाम की ओर रवाना हुए.



पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि कांवड़ यात्रियों के कारण सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक का मार्ग तीर्थ पथ में बदल गया है. उन्होंने बताया कि मार्ग में अनेक स्थानों पर क्षेत्रवासियों और सामाजिक संगठनों द्वारा सेवा स्टॉल लगाए गए हैं, जहां कांवड़ यात्रियों का स्वागत कर उन्हें विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं. कुबेरेश्वरधाम पर जारी पांच दिवसीय ऑनलाइन शिव महापुराण के चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने शिव की भक्ति और श्रद्धा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि भक्त के भाव शुद्ध होंगे तो भगवान शिव उसके समक्ष अवश्य उपस्थित होंगे. भगवान की भक्ति केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि सच्चे और भावपूर्ण मन से की जानी चाहिए.

## 75 हजार रुपए की अवैध मदिरा जब्त

**सीहोर.** आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन, विक्रय के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है. जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग के दल द्वारा भैरूंदा के ग्राम बसंतपुर, मंजाखेडी एवं बागलीखेड़ा में दबिश दी गई और 25 लीटर हाथ भट्टी अवैध मदिरा एवं 750 महुआ लाहन जब्त कर 04 प्रकरण दर्ज किए गए. जब्त मदिरा एवं महुआ लाहन का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 75 हजार रुपए है. यह कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, आकाश कोरी एवं नगर सैनिकों द्वारा की गई. कार्रवाई आगे भी सतत जारी रहेगी.

**आक्रोश** — खेतों में झूलते तारों के कारण घटित कई हादसों के बाद भी विभाग की उदासीनता से ग्रामीणों में आक्रोश

## विद्युत कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने निकाला मशाल जुलूस

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 6 अगस्त.** ग्राम खेड़ली, कुलांस खुर्द, भोजनगर, चंदेरी, बरखेड़ी, बिलकिसगंज, रामाखेड़ी, डाबला सहित दर्जनों गांवों के किसानों ने जर्जर विद्युत लाइनों और खेतों के ऊपर झूलते तारों की समस्या को लेकर मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया. बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण प्रदर्शन में शामिल हुए. किसानों ने विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा उन्हें जिले से हटाने की मांग की.

ग्राम पंचायत खेड़ली के भगवान सिंह पटेल का आरोप है कि गांवों से लेकर खेतों तक 11 केवी एवं एलटी विद्युत लाइनें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं और कई स्थानों पर विद्युत तार जमीन से बेहद कम ऊंचाई पर झूल रहे हैं. इसके कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है. किसानों के अनुसार विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कई लोग करंट की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं. कुछ किसानों के हाथ तक गंवाने पड़े हैं. वहीं मवेशियों की करंट लगने से मौत होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं. विद्युत लाइन में फाल्ट होने के कारण खेतों में खड़ी फसलों में आग लगने से किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है.

भगवान सिंह पटेल ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिकायतें की गई. लिखित ज्ञापन देने के साथ ही फोन पर भी अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद जर्जर लाइनों और झूलते तारों को दुरुस्त करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई. प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री द्वारा भी विद्युत मंडल के अधिकारियों को हटाने के लिए एमडी को पत्र लिखा गया है. ऊर्जा मंत्री ने भी अधिकारियों को हटाने के निर्देश दिए.



प्रभारी मंत्री द्वारा भी विद्युत मंडल के संबंध में कलेक्टर को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं. इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों को न तो हटाया गया और न ही उनके खिलाफ कार्रवाई हुई. नतीजतन आक्रोशित होकर किसानों और ग्रामीणों को आंदोलन एवं मशाल जुलूस निकालने मजबूर होना पड़ा.

## एक नजर में



### स्ट्रीट वेंडर्स व समूह की महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**सीहोर.** शहरी आजीविका केंद्र द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बन प्रेरित किया. भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा भी गुणवत्ता मानकों एवं उपभोक्ता जागरुकता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया. शहरी आजीविका केंद्र के डायरेक्टर अमोल पोहेकर ने बताया कि शीघ्र ही महिलाओं एवं पथ विक्रेताओं के लिए एक विशेष ई-कॉमर्स ऐप लॉन्च किया जाएगा. इसके लिए शहरी आजीविका केंद्र में पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे हितग्राही अपने उत्पादों एवं सेवाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यापक बाजार तक पहुंचा सकेंगे. प्रशिक्षण में कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, नितिन तिवारी, जागृति चौहान, अंजू खरे, प्रकाश राठौर, गोपाल यादव आदि उपस्थित थे.



### प्रयाग संगीत समिति की परीक्षाओं में लहराया परचम

**बुधनी.** भारतीय विद्या मंदिर विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद द्वारा आयोजित कथक, शास्त्रीय संगीत, वाद्ययंत्र एवं चित्रकला की प्रथम वर्ष की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है. प्राचार्या श्रीमती दिलना राजपूत ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कला के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है. संगीत का प्रशिक्षण सुश्री विपाशा दत्ता के मार्गदर्शन में दिया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे.




### थाना भ्रमण कर छात्रों ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

**सीहोर.** गुरुवार को गवर्नमेंट एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 1 में सृजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी सोनाक्षी सक्सेना एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने किया. इस अवसर पर एसडीओपी सुश्री पूजा शर्मा तथा प्राचार्य श्रीमती सुनीता जैन उपस्थित रहीं. इस दौरान परिचय एवं आइस-ब्रेकिंग सत्र आयोजित किया गया. इसके बाद मैं, मेरे अधिकार और मेरी जिम्मेदारियां विषय पर विद्यार्थियों के साथ संवाद हुआ. वहीं कानून, सुरक्षा और न्याय विषय पर एसपी श्रीमती सक्सेना एवं एएसपी डॉ. चौबे ने छात्र-छात्राओं को कानून, नागरिक अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा न्याय प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की. विद्यार्थियों को थाना कोतवाली, महिला थाना एवं यातायात थाना का भ्रमण कराया गया. थाना भ्रमण के दौरान सूबेदार प्राची राजपूत भी उपस्थित रहीं.




### सावन मेले में सजे 43 स्टॉल, महिलाओं ने बिखेरे हुनर के रंग

**सीहोर.** अभा मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा सावन मेले का आयोजन किया गया. मेले में महिलाओं और युवतियों ने विभिन्न प्रकार के43 स्टॉल लगाए. कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी सोनम प्रिंस राठौर एवं ममंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू शैलेष अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने किया. आयोजन में श्रीमती प्रेमलता रुठिया, शशि विजयवर्गीय, संगीता राठी, ज्योति रुठिया, प्रतिभा झंवर, संध्या विजयवर्गीय, ज्योति सोनी, मोना चौरसिया, इंदु भावसार, आभा कासट, राधा शर्मा, शशि अग्रवाल, गीता सोडानी, शाखा कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी, राजू पालीवाल, ममता पितालिया, मंजू भरतिया, सरोज सोनी, निर्मला व्यास एवं किरण सोनी आदि ने सहयोग दिया.



### श्रावणी महापर्व में उमड़ा श्रद्धा और वैदिक चेतना सैलाब

**सीहोर.** आर्य समाज द्वारा सात दिवसीय श्रावणी महापर्व का आयोजन 9 अगस्त तक किया जा रहा है.जो पूरे नगर में वैदिक संस्कृति, आध्यात्मिक जागरण और सामाजिक चेतना का प्रेरणास्रोत बना हुआ है. प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल वैदिक यज्ञ, मधुर भजन तथा ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से जन-जन तक सत्य, संस्कार, सेवा और सदाचार का संदेश पहुंचाया जा रहा है. कार्यक्रम में आर्य विदुषी आचार्य अमृता द्वारा प्रस्तुत प्रेरक भजनों से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए. आचार्या अमृता ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत पावन है. उन्होंने युवाओं सेनशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और चरित्रवान, संस्कारित तथा राष्ट्रनिर्माता बनने का आह्वान किया. कार्यक्रम का संचालन मंत्री रितेश राठौर एवं यज्ञ धर्मेंद्र शास्त्री द्वारा किया गया.

## पुलिस ने पुतला छीना, कार्यकर्ताओं से हुई झड़प

**बुधनी.** मूंग फसल की खरीदी में हो रही देरी तथा खाद की समस्या को लेकर शनिवार को किसान कांग्रेस ने क्षेत्र के महूकला और देवगांव में प्रदर्शन किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोक दिया. पुतले छीने जाने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कुछ देर तक झड़प की स्थिति भी बनी. प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, हरीश मीणा, हरीश मालवीय, संजय शर्मा, सौरभ दुबे, पुरुषोत्तम मीणा, ओपी मालवीय, सुशील मीणा, हेमंत वर्मा, संतोष यादव, दीपक परसोन, बालवीर चौहान, सुरेश कुमरे, प्रकाश दायमा, ब्रजलाल बानिया, सुनील मीणा, गोविंद आंकरे, जीवन मीणा, राजाराम मीणा आदि उपस्थित थे.

## एक नजर में

### यादव बने महासभा के जिलाध्यक्ष

सीहोर. वार्ड क्रमांक 12 पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव को अखिल भारतीय यादव महासभा मप्र के अध्यक्ष जगदीश यादव की सहमति एवं एडवोकेट उमेश यादव, लखन यादव, राम सजीवन यादव, राम मोहन यादव की अनुशंसा से अखिल भारतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोतनत किया गया है.

घनश्याम यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसको मैं पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ निवर्हन करुंगा और समाज हित में कार्य करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी.इस मौके पर कैलाश यादव, मोहन यादव, सीतराम यादव, भूरा यादव, राहुल यादव, विजय यादव, धर्मेन्द्र यादव, प्रदुन यादव, औंकार यादव, राधेश्याम यादव, नन्दलाल यादव, रमेश यादव, गगन पहलवान, किशन यादव, गेंदालाल यादव, गोपाल यादव, चन्नीलाल यादव, गब्बर यादव, मन्नुलाल यादव, सूरज यादव, नीरज यादव, प्रकाश यादव, रोहित यादव, दीपक यादव, नरेश यादव, मनोज यादव आदि ने बधाई दी.

## एक नजर में

01

### माहेश्वरी समाज ने मनाया अन्नकूट महोत्सव, लगाया 56 भोग

**सीहोर.** शहर के छावनी स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया. इस मौके पर गिरिराज बाबा की झांकी सजाई और 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया. माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी व महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट ने बताया कि दीपावली के पश्चात प्रतिवर्ष समाज द्वारा 56 भोग और गिरिराज बाबा की झांकी सजाई जाती है. इस मौके पर भजन कीर्तन से